।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone No :- 01372-252175

पत्रांकः 3461 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, जनवरी 11 /2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय .खण्ड, लोक निर्माण विभाग, कर्णप्रयाग।

विषयः– **मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली के विकासखण्ड थराली के विकासखण्ड घाट में बंगाली (बांजबगड़) से रूईसाण तक मोटर मार्ग के नव निर्माण का वन भूमिअ हस्तान्तरण। प्रस्ताव सं0 FK/UK/Road/146251/2021.**

संदर्भः– **वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड पौड़ी की पत्र सं0 1644/12–1 दिकं 03.01.2023**

महोदय,

वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड पौड़ी के उपरोक्त संदर्भित पत्र से विषयांकित मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में पायी गयी कमियों के निराकरण हेतु प्रस्ताव वापस लौटाया गया है। पायी गयी कमियां निम्न प्रकार हैः–

1– प्रस्ताव में ऑनलाईन पार्ट । एवं पार्ट ।। में क्षतिपूरक वृक्षारोपण से सम्बन्धित के0एम0एल0 फाईल एवं उपयुक्तता प्रमाण पत्र अपलोड नही किया गया है।

2– प्रस्ताव में मलवा निस्तारण योजना में मार्ग की लम्बाई 19 किमी0 अंकित की गई है के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करे।

3– प्रस्ताव में मलवा निस्तारण हेतु 1.65है0 आरक्षित वन भूमि में लिया गया है का औचित्य स्पष्ट करते हुये मलवा निस्तारण हेतु अन्यत्र स्थल का चयन किया जाय।

4– प्रस्ताव में मलबा निस्तारण योजना के लिए Reclamation Plan प्रस्तुत करे।

5– प्रस्ताव में ऑनलाईन ।। के पैरा 4(ii) में प्रभावित होने वाले वृक्षो की सं0 384 तथा हार्ड प्रति 445 अंकित की गयी है। के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करे।

6– प्रस्ताव में ऑनलाईन पार्ट ।। एवं हार्ड प्रति में अधिकांश प्रभावित होने वाले वृक्षो का वैज्ञानिक नाम अंकित नही किया गया है।

7– प्रस्ताव में लैण्ड शैड्यूल एवं प्रभावित होने वाले वृक्षो का विवरण एस0ओ0पी0 के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रेषित किया जाय।

8– प्रस्ताव में जिलाधिकारी द्वारा निर्गत एफ0आर0ए0 प्रमाण पत्र में पंत्राक अंकित नही है।

9– प्रस्ताव में पार्ट । के पैरा A (iii) में परियोजना का संक्षिपत विवरण नही लिखा गया है।

10– प्रस्ताव के पार्ट । के पैरा B(I) में Under Processing at State Government, Proposal No- FP/UK/Road/119888/2021 का उल्लेख किया गया है, के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करे।

11– प्रस्ताव के पार्ट । के E(ii) में अस्थाई रोजगार (व्यक्ति दिनो की सं0) में 400000000 अंकित किया गया है के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करे।

12– पार्ट । के Addtional information में एन0पी0वी0 का प्रमाण पत्र बिना हस्ताक्षर के अपलोड किया गया है।

13– प्रस्ताव में वैकल्पिक संरेखण प्रेषित किया जाय।

14– प्रस्ताव में के0एम0एल0 फाईल का डी0एस0एस0 एनालिसिस किया गया जिसमें कुल प्रभावित क्षेत्रफल 18.00है0 (एम0डी0एफ0–7 है0, नॉन फॉरेस्ट–7 है0, ओपन फारेस्ट–2 है0, वी0डी0एफ0–2 है0) प्रदर्शित हो रहा है जबकि आपके द्वारा प्रस्ताव 10.3125 है0 (वन भूमि 7.95 है0, नाप भूमि– 2.3625) का प्रेषित किया गया है के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जाय।

अतः उपरोक्त वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की पांच प्रतियां प्रतियां इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि उपरोक्त कमियों का निराकरण उपरान्त प्रस्ताव की हार्ड प्रतियां एवं ऑनलाईन पोर्टल के पार्ट । में अपलोड करते हुए प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करे।

संलग्न - प्रस्ताव की चार प्रतियॉं -

भवदीय,
(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

पत्रांकः– 3461 / 12-1 दिनांकित।

प्रतिलिपिः– वन क्षेत्राधिकारी, नन्दप्रयाग को उपरोक्तानुसार इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त बिन्दु सं0 4 में मलवा निस्तारण के लिए Reclamation Plan एवं बिन्दु सं0 06 में वृक्षो की वैज्ञानिकवार सूची प्रस्तावक विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

6/6

Scanned with CamScanner